# बैतूल जिला



नवभारत

भोपाल, बुधवार, 11 मार्च 2026


## एक नजर में




### पावर प्लांट की सुरक्षा को लेकर हुई मार्कड्रिल

**सारनी।** पावर प्लांट की सुरक्षा एवं किसी भी खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा विभाग एवं पुलिस ने मिलकर मार्कड्रिल की। सुरक्षा विभाग के अधिकारी एस के राघव ने भीड़ को नियंत्रित करने के गुर सिखाए। इस मौके पर चीफ इंजीनियर एस के लिल्लोरे . एसडीओपी प्रियंका करचाम, एडीशन चीफ इंजीनियर श्री गुप्ता, मनीष शर्मा, अधीक्षण अभियंता सर्विसेस संजय जोशी, सिविल विभाग अधीक्षण अभियंता श्री सोनी, टीआई जयपाल इवनाती सहित पावर प्लांट के अधिकारी गण मौजूद थे। पावर प्लांट की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा विभाग पुलिस के साथ मिलकर मार्क ड्रिल एवं आशु गैस को छोड़ने को लेकर प्रशिक्षण एवं अभ्यास करते है। सुरक्षा अधिकारी एस के राघव ने बताया कि प्रशिक्षण एवं अभ्यास कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिकों ने अवलोकन किया है, उन्होंने कहा कि पावर प्लांट मे आये दिन हडताल एवं अन्य प्रदर्शन होते रहते है। भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा कर्मचारीयो प्रशिक्षण दिया गया इस दौरान थाना प्रभारी जयपाल इवनाती ने सुरक्षा कर्मियों को को भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में जानकारी दी एवं अपने अनुभव साझा किए। चीफ इंजीनियर श्री लिलोरे ने अभ्यास कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी उपकरण के बेहतर रख रखाव एवं सुरक्षा के लिए समय समय पर मार्क ड्रिल करते रहने की बात कहीं है। इस मौके पर सुरक्षा अधिकारी श्री राघव ने चीफ इंजीनियर श्री लिलोरे एवं एसडीओपी प्रियंका कर चाम का स्वागत किया है।

### अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**बाड़ी.** बाड़ी पुलिस ने एक अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार 1-2 मार्च की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से हमलाकर कांतिबाई पाल और चिंतेश पाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया था. चिंतेश पाल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 47/26 धारा 118(2), 332(सी),109 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था. इस के दौरान कांतिबाई पाल की मृत्यु हो गई, जिससे प्रकरण में धारा 103 बढ़ाई गई मुखबिर की सूचना के आधार पर हत्या करने वाले आरोपी की पतारसी कर आरोपी देवीराम पाल पिता धनराज पाल उम्र 60 साल निवासी वार्ड नंबर 08 पाल मोहल्ला बाड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त खनीता (छोटा फावड़ा) जप्त किया गया है.

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 10 मार्च. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं**

**जनसुनवाई में मौजूद रहे विभागों के अधिकारी**




जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, आवास, सहित अन्य विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुलताई के ग्राम दुनावा निवासी दिनेश पवार ने बताया कि भूमि का सीमांकन के लिए आवेदन देने के बावजूद अभी तक सीमांकन नहीं किया गया हैं, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम मुलताई को आवेदक का तत्काल सीमांकन कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए। आवेदन के निराकरण में देरी होने पर संबंधित पटवारी, नायब तहसीलदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में भीमपुर तहसील के ग्राम चुनालोहमा में दुर्गा कुंदनलाल राठौर ने निजी कृषि भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने तथा सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 124 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अभिलेख सुधारने की दिए निर्देश

जनसुनवाई में आठनेर निवासी जगन्नाथ तुम्बे ने अभिलेख सुधार के सम्बन्ध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम भैंसदेही को अभिलेख सुधार की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भीमपुर तहसील के ग्राम चुनालोहमा में दुर्गा कुंदनलाल राठौर ने निजी कृषि भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने तथा सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

### जॉब कार्ड अपडेट किए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम तिरमहु के किसानों ने आवेदन के माध्यम से निस्तार तालाब स्वीकृत किए जाने की गुहार लगाई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित ईई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भीमपुर के ग्राम जमनिया निवासी बलराम रूंजिया ने पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि नहीं मिलने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ भीमपुर को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत प्रभात पट्टन के ग्राम सावंगी निवासी कृष्णा बेले ने जॉब कार्ड अपडेट किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ मुलताई को जॉब कार्ड अपडेट की शिकायत का समाधान करने के निर्देश दिए।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला आज

**बैतूल।** मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर बैतूल में किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर्स पुणे में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों, आईफोन बेंगलुरु में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों तथा एमआरएफ अहमदाबाद में ट्रेनी, ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक होना अनिवार्य है। वोल्वो आयशर भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, श्री गुरु साहेब मोटर्स बैतूल में टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर के 10 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है।

## कोल खदानों के ठेका मजदूरों ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र की कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों के साथ कथित आर्थिक शोषण, वेतन कटौती और सीएमपीएफ राशि में अनियमितताओं को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को बारहवें दिन भी जारी रहा।**



आक्रोशित मजदूर रैली के रूप में जिला मुख्यालय बैतूल पहुंचे और कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मजदूरों ने आरोप लगाया कि कई ठेकेदार वर्षों से भोले-भाले मजदूरों का शोषण कर रहे हैं। मजदूरों के बैंक खातों में पूरा वेतन जमा कराने के बाद उन पर दबाव बनाकर लगभग एक तिहाई राशि नकद वापस ले ली जाती है। विरोध करने पर काम से निकालने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की धमकी दी जाती है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, जिससे गरीब मजदूर परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही लगभग दो दशकों से सीएमपीएफ (कोल माइंस प्रोविडेंट फंड) में भी अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। ज्ञापन में बकाया वेतन का तत्काल भुगतान, जबरन वसूली की जांच और सीएमपीएफ राशि की पारदर्शी जांच की मांग की गई। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि समाधान नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।जिसमें आमरण अनशन की उम्मीद जताई जा रही है जो की क्षेत्र वासियों के लिए शर्मिंदा होना जैसी बात समझ आ रही है।

## कार्यकारिणी में महिलाओं को मिलेगा आरक्षण

**मुलताई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुलताई भार्गव सभा द्वारा सोमवार को ताप्ती तट स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर परिसर मे महिला एवं पुरुष सदस्यों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।**



बैठक का शुभारंभ पवित्र ईश वंदना के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सभा द्वारा यह घोषणा की गई कि नए बनाए जा रहे संविधान के अंतर्गत अब कार्यकारिणी में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। समाज की प्रगति और आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए मुलताई महिला भार्गव सभा के गठन की रूपरेखा तय की गई। इसके तहत अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने अरुण भार्गव तथा राजेन्द्र भार्गव को सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान सभा के सचिव यश भार्गव ने समाज के सुचारू संचालन के लिए निर्मित किए जा रहे नए संविधान की विस्तृत जानकारी और प्रगति रिपोर्ट सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में सभा के अध्यक्ष संदीप भार्गव ने अप्रैल माह से प्रारंभ हो रहे आगामी सत्र का विजन समाज के सामने रखा।वहीं आगामी सत्र में प्रतिमाह होने वाली बैठकों के आयोजकों का निर्धारण भी सर्वसम्मति से किया गया। कोषाध्यक्ष मनीष भार्गव ने बीते सत्र के आय-व्यय का संपूर्ण ब्यौरा पूरी पारदर्शिता के साथ उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया।

## मोतियाबिंद परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर 16 को

**मुलताई।** लायंस क्लब ताप्ती नगरी मुलताई द्वारा विगत कई वर्षों से पाढर हॉस्पिटल के सहयोग से मोतियाबिंद परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस बार भी 16 मार्च, सोमवार को नगर के सरकारी अस्पताल में मोतियाबिंद जांच, परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की मोतियाबिंद की जांच की जाएगी। जांच के दौरान जिन व्यक्तियों में मोतियाबिंद पाया जाएगा, उन्हें ऑपरेशन कस लिए मुलताई से पाढर ले जाया जाएगा, जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। इस शिविर में पाढर आने-जाने की व्यवस्था तथा ऑपरेशन की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।लायन दीपेश बोथरा ने बताया कि पाढर हॉस्पिटल से डॉक्टरों की टीम प्रातः 10 बजे मुलताई पहुंचेगी और मोतियाबिंद का परीक्षण करेगी। जो भी व्यक्ति अपनी मोतियाबिंद जांच या ऑपरेशन कराना चाहते हैं, वे आधार कार्ड की प्रतिलिपि साथ लेकर सरकारी अस्पताल मुलताई पहुंचे।

## गंदगी एवं बदबू से परिपूर्ण रहता है शौचालय

**मुलताई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता के प्रति आम जन को जागरूक करने आगे आकर अभियान मे शामिल होते है, लेकिन मुलताई मे बैठे प्रशासनिक स्तर के अधिकारी एसडीएम एवं तहसीलदार तहसील कार्यालय परिसर मे स्थित शौचालय की सफाई नहीं करा पा रहे है। आप कभी भी तहसील कार्यालय के पीछे वाले गेट से अंदर जाइये, शौचालय से उठती बदबू आपका स्वागत करेगी, वहीं यदि आपको लघुशंका के लिए जाना हो तो मुँह पर कपडा रखने के बाद भी बदबू बंद नहीं होंगी, शौचालय इतना गंदा रहता है की आप देख नहीं सकते। लेकिन तहसील मे प्रतिदिन जाने




वालेअधिकारियो का इस ओर कोई ध्यान नहीं रहता। अधिकारियो का ध्यान इस ओर दिखे, जिसके लिए मंगलवार को जन आंदोलन मंच के अनिल सोनी ने जन सुनवाई मे एसडीएम राजीव कहार को ज्ञापन सौपा है। जबकि अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय भी तीन बार आवेदन सौंप चुके है, अधिवक्ता संघ मुलताई भी आवेदन दे चूका है।लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा, आज भी वैसे ही गंदगी और बदबू पसरी हुई है।मंगलवार को अनिल सोनी द्वारा सौपे ज्ञापन मे बताया पहले तहसील परिसर हरा भरा था अब कुछ भी दिखाई नही देता है। परिसर के बाहर पूर्व एसडीएम द्वारा लगाई गई पोल फेंसिंग भी क्षतिग्रस्त ही गई है। जहां अवैध दुकान संचालित हो रही है एवं अवैध कब्जा हो रहा। ज्ञापन मे अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये जाने एवं हरा भरा करने के लिये नगर पालिका द्वारा टेकर से सिचिंत कराने के निर्देश देने की मांग की है। वहीं शौचालय में पसरी गंदगी से निजात दिलाने सफाई कराने के निर्देश देने की मांग की है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए लगवाएं एचपीवी वैक्सीन

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले की बालिकाओं से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जो एचपीवी वायरस के संक्रमण के कारण होती है। इस बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई जा रही है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में यह टीका लगवाना अधिक प्रभावी होता है और इससे बालिकाओं को गंभीर बीमारी से सुरक्षा मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 28 फरवरी से एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी जिले में बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी बालिकाओं से आग्रह किया है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

## महाविद्यालय की छात्राओं को दिया कैरियर मार्गदर्शन

**बैतूल।** शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल में मंगलवार को रोजगार कार्यालय के द्वारा छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान शासकीय, अशासकीय तथा उद्योग धंधों में किस प्रकार अपना करियर बना सकते हैं का मार्गदर्शन आर्ट्स कॉमर्स होम साइंस की छात्राओं को दिया गया। मनोवैज्ञानिक काउंसलर अमीनुद्दीन खान ने रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार दिए जाने की जानकारी दी। काउंसलर श्रीमती साधना धुर्वे द्वारा अपने-अपने सब्जेक्ट्स के अनुसार किस तरह जॉब की तैयारी की जाए



बताया गया। इसके अलावा छात्राओं को कोचिंग संस्थानों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सदर में 11 मार्च को आयोजित होने वाले रोजगार मेले के अंतर्गत विभिन्न कंपनियों में जॉब की जानकारी दी गई। विष्णु धुर्वे द्वारा रोजगार कार्यालय में पंजीयन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर विद्या चौधरी ने छात्राओं को जागरूक रहने की सलाह दी।

## प्रशिक्षण : अपने दायित्वों के निर्वहन से ग्रामों को नई दिशा मिलेगी

**बैतूल।** मप्र जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार त्रैमासिक कार्ययोजना अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कासा रिसोर्स सेंटर पाढर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घोड़ाडोंगरी एवं पाढर क्षेत्र की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र उइके, प्रदीप विश्वास एवं श्रीमती प्रिया चौधरी जिला समन्वयक रहे। कार्यक्रम का समन्वयक ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत द्वारा किया गया। इस मौके पर नरेंद्र उइके ने कहा कि




ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास की मजबूत कड़ी हैं। समिति के सदस्य योजनाओं की जानकारी और अपने दायित्वों को समझ कर कार्य करें तो गांवों के समग्र विकास को नई दिशा मिल सकती है। प्रदीप विश्वास ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से समितियों के सदस्यों की कार्य क्षमता बढ़ती है और वे शासन की योजनाओं को सही तरीके से समाज तक पहुंचाने में सक्षम बनते हैं। श्रीमती प्रिया चौधरी ने कहा कि ग्राम स्तर पर जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों से ग्राम विकास को गति देने की बात कही। संतोष इवने द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। ग्राम विकास की अवधारणा पर श्याम बेलवंशी ने विस्तार से प्रकाश डाला और ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की दिशा एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। नवांकुर संस्था देवी सोशल वर्क एवं एजुकेशन सोसाइटी के राकेश तुमडाम ने दस्तावेजीकरण के महत्व और प्रक्रिया को समझाया। जतिन प्रजापति ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम या गतिविधि का सही दस्तावेजीकरण संस्थागत कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाता है।

**कार्यक्रम** व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से अतिथि व्याख्यान एवं प्रमाण-पत्र/ पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में वूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारत थीम पर आधारित विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में साइंस क्विज, विज्ञान प्रदर्शनी, मूवी स्क्रीनिंग, पोस्टर मेकिंग, पीपीटी प्रेजेंटेशन तथा अतिथि व्याख्यान जैसी प्रतियोगिताएँ सम्मिलित थीं,



जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना था कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात डॉ. नितेश पाल द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया तथा उनका औपचारिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूनम देशमुख ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया तथा विज्ञान और नवाचार को समाज के विकास से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य श्रीमती नीतू जायसवाल माहौरे ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी माताओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है, वे विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि माँ ही बच्चों की पहली गुरु होती है और उनके सहयोग व प्रेरणा से ही बेटियाँ शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर पाती हैं। उन्होंने कहा कि माताएँ वास्तव में बेटियों का सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम होती हैं।अपने प्रेरक उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि श्रीमति जा पिल्लई ने कहा कि वर्तमान समय सूचना का युग है। विज्ञान का वास्तविक उद्देश्य यही है कि उपलब्ध सूचनाओं और ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण के लिए किया जाए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था द्वारा सार्वजनिक शौचालयों के स्वच्छता प्रबंधन के लिए एक विशेष सैनिटाइजेशन मशीन विकसित की गई है, जिससे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे श्री प्रशांत पिल्लई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय विशेष रूप से लड़कियों के सशक्तिकरण का दौर है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में लड़कियों पर अनेक सामाजिक प्रतिबंध थे, किन्तु आज अवसरों का विस्तार हुआ है और लड़कियाँ विज्ञान, तकनीक, शिक्षा तथा नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रही हैं।

## सैकड़ों भक्त पदयात्रा कर पहुंचेंगे काशी तालाब

**भैंसदेही।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के मां पूर्णा उद्गम स्थल काशी तालाब पर बडी संख्या में पूर्णा भक्त पदयात्रा कर यहां पहुंचेंगे और पुण्य सलिला मां पूर्णा के प्रगट उत्सव पर होने वाले तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होंगे। काशी तालाब पूर्णा मंदिर संस्थान से जुड़े पूर्णा भक्तों ने बताया की प्रति वर्ष महाराष्ट्र प्रान्त के अखतवाडा केलीवेली और आस-पास के गांव से सैकड़ों पूर्णा भक्त पदयात्रा में शामिल हो इस वार्षिक आयोजन को सफल बनाते हैं।, इस पदयात्रा में बड़ी तादाद में महिलाएं और युवक युवतियां भी शामिल होती है। महाराष्ट्र प्रान्त के प्रसिद्ध संत रंगनाथ महाराज जो मां पूर्णा अनन्य भक्तों में से एक थे कि प्रेरणा से प्रारंभ हुआ ये क्रम बीते कई वर्षों से अनवरत जारी है,और प्रतिवर्ष इन पूर्णा भक्तों की संख्या में इजाफा हो रहा है,आज भले ही श्रद्धेय रंगनाथ जी महाराज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी अप्रत्यक्ष उपस्थिति का एहसास इन पूर्णा भक्तों के यहां पहुंचते ही होने लगता है। मां पूर्णा उद्गम स्थल काशी तालाब के महत्व और पूर्णा के प्रताप को जनमानस तक पहुंचाने में संत रंगनाथ जी महाराज के प्रयास सदैव स्मरणीय और पथ-प्रदर्शक साबित होगे,आज भी उन्हीं के द्वार शुरू की परंपरा के अनुसार पूर्णा उद्गम स्थल पर मां पूर्णा का प्रगट उत्सव पुरे उत्साह के साथ मनाया जाता है, इस परंपरा का निर्वाह अब नामदेवजी जी महाराज के मार्गदर्शन में होता है, और सैकड़ों पदयात्री यहां पहुंच पुण्य सलिला मां पूर्णा के दर्शन कर अभिभूत होते हैं। वारकरी संप्रदाय से संबंध रखने वाले ये पदयात्री सैकड़ों की तादाद में यहां पहुंचते हैं,डींडी के साथ ढोलक , वीणा, मृदंग,मंजीरों की धुन पर नाचने गाते संकीर्तन कर मां पूर्णा के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा को प्रगट करते हैं।इस वर्ष भी इस विशाल आयोजन को लेकर संस्थान से जुड़े सभी सदस्य पूर्ण रुप से सक्रिय हैं और आगामी कार्यक्रम की सफलता को लेकर अथक प्रयास कर रहे हैं। 14मार्च को मां पूर्णा की चरण पादुकाओं के साथ इन पदयात्रीयो का नगर में आगमन होगा,तथा 15मार्च को इन चरण पादुकाओं का नगर भ्रमण होगा जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल होंगे, वहीं मंदिर संस्थान में संत तुकाराम गाथा का पारायण, मां पूर्णा का अभिषेक पूजन, हवन इत्यादि धार्मिक आयोजन सम्पन्न होंगे।